आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 13.05.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- दक्षिण अण्डमान जिले में जल स्रोतों की संभावनाएं तलाशने और उपलब्ध जल स्रोतों को उपयोगी बनाने के लिए जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया।
- चार जून को होने वाले मतगणना के लिए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में मतगणना से जुड़े कर्मियों के लिए पहले चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम डीब्रेट में आयोजित किया गया।
- मध्योत्तर अंडमान जिला परिषद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद के लिए आज चुनाव कराया जाएगा।
- द्वीपसमूह के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है।
- मायाबंदर तहसील के सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान जिले में जल स्रोतों की और संभावनाओं को तलाशने तथा उपलब्ध जल स्रोतों को उपयोगी बनाने के लिए दक्षिण अण्डमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने अण्डमान लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज संस्थानो के सदस्यों और चयनित जन प्रतिनिधियो के साथ विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। जिला उपायुक्त ने विभिन्न गांवों का निरीक्षण कर इंजीनियंरिग संभाग को माइलतिलक, झींगानाला में तालाब में जमे गाद को निकालने का निर्देश दिया। मंजेरी में प्रस्तावित बांध के निर्माण की संभावनाएं भी तलाशी गई। इसके निर्माण से फरारगंज और पोर्ट ब्लेयर के निवासियों को लगातार शुद्ध जल की आपूर्ति हो सकेगी। गुप्तापाड़ा में चल रहे जल परियोजना का भी उन्होंने निरीक्षण किया और कैचमैन क्षेत्र में साफ सफाई करने का निर्देश दिया, ताकि अधिक मात्रा में ताजे पानी का भंडारण हो सके। जन स्वास्थ्य और अभियांत्रिकी संभाग के कार्यकारी अभियंता को नयाशहर, धन्नीखाड़ी, मंगलूटान, गुप्तापाड़ा और मजेरी गांव में सभी चेक डैम और वसुंधरा डैम के कार्यों को युद्ध स्तर पर पूरा करने का निर्देश दिया गया। बड़ा नाला जल परियोजना का काम समाप्ति है और इसके चालू हो जाने से वृंदावन, नमूनाघर तथा मीठाखाड़ी के निवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो पाएगा।

<><><><><><><>

मथुरा गांव में अनुपयोगी वाटर पम्प के संबंध में मुददे को सुलझाने के लिए बैठक बुलाई गई है। छोलदारी में प्रस्तावित तालाब में तुरन्त साफ सफाई की आवश्यकता है। फरारगंज के तहसीलदार को वाटर पम्प के लिए उचित स्थल की पहचान करने का निर्देश दिया गया। जिला उपायुक्त ने अपने यात्रा के दौरान कई अन्य क्षेत्रों का भी दौरा किया, जिनमें सोना पहाड़, बम्बूफ्लाट, मनारघाट जैसे क्षेत्र शामिल हैं। जिला उपायुक्त ने इंजीनियरिंग संभाग से कहा कि जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या है उन क्षेत्रों में सभी तालाब और चेक डैम की संभावनाएं तलाशी जाएं और इसे जल उपयोगी बनाया जाए, ताकि लोगों को पानी की कोई समस्या न हो।

<><><><><><><>

चार जून को होने वाले मतगणना के लिए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में हाल ही में डीब्रेट के सभागार में पहले चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतगणना निरीक्षकों, सूक्ष्म पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों ंको प्रशिक्षण दिया गया। मतगणना का कार्य जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मतगणना केन्द्र मे ंकिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान रिसोर्स पर्सन सोम नायडू ने प्रशिक्षणार्थियों को मतगणना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी और कहा कि मतगणना ड्यूटी में लगे सभी कर्मियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेना चाहिए, ताकि चार जून को होने वाली मतगणना के दिन कोई परेशानी न हो। डॉ ए अब्राहम ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से मतगणना निरीक्षकों को जागरूक किया और मतगणना के दौरान अपनाई जाने वाली चरणबद्ध प्रकियाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गणना उसके बाद ई वी एम में डाले गए वोटों की गिनती की जाएगी। एम पापाराव के नेतृत्व में मास्टर प्रशिक्षकों की टीम ने विशेषकर कंन्ट्रोल यूनिट और वी वी पैट मशीनों को संभालने के बारे में मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षित किया। वोटो की मतगणना पर एक डेमो प्रस्तुतिकरण भी दी गई। दूसरे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन इक्कीस मई को किया जाएगा।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला परिषद के तीसरे वर्ष के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद के लिए आज चुनाव कराया जाएगा। नव निर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को आज ही पोकाडेरा ग्राम पंचायत के सामुदायिक सभागार में शाम तीन बजे शपथ दिलाई जाएगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से पिछले पन्द्रह दिनों से लगातार अतिक्रमणकर्ताओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान टेलराबाद गांव के मक्का पहाड़ क्षेत्र के तीन सौ वर्ग मीटर भूमि को अतिक्रमणकर्ताओं से मुक्त कराया गया। पिछले कुछ दिनों में राजस्व अधिकारियों के प्रयासों से कुल आठ हजार पांच सौ वर्ग मीटर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने आम जनता से कहा है कि सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण कर कानून का उल्लंघन न करें। लोगों से कहा गया है कि अतिक्रमण से जुड़ी सूचना एवं शिकयतों को जिला नियंत्रण कक्ष के फोन नम्बर दो चार शून्य एक दो सात पर दें। सूचना देने वालों के नाम गुप्त रखे जाएंगे।

उधर, मध्योत्तर अंडमान ज़िले में अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। लगातार चौंथे दिन राजस्व अधिकारियों की टीम अतिक्रमण किए गए स्थलों की पहचान कर उन्हें अतिक्रमणकारियों से मुक्त करा रही है। डिगलीपुर तहसील के अंतर्गत डी बी ग्राम क्षेत्र में सात हजार वर्ग मीटर भूमि पर बने, सुपारी और केले की खेती सहित अस्थाई ढ़ांचे को हटाया गया। वी एस पल्ली ग्राम के एक सौ वर्ग मीटर में बने फुटपाथ और शांतनु ग्राम क्षेत्र मेंं बारह हजार वर्ग मीटर में सुपारी और केले की खेती वाली भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया। रंगत तहसील के अंतर्गत रंगत बाज़ार के सड़क किनारे फुटपाथ में बने अस्थाई ढ़ांचे और टेन्ट्स को हटाया गया। पिछले चार दिनों में राजस्व अधिकारियों की टीम ने ज़िला प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण किए गए जगहों की पहचान कर इन्हें सफलतापूर्वक इनके कब्ज़ों से छुडाया। जिला प्रशासन ने आम जनता से आग्रह किया है कि राजस्व विभाग द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों का सहयोग और समर्थन करें। अभियान के दौरान पूरी पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और कानूनी प्रकियाओं का पालन किया गया।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन ने सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक कृष्णापद बाक्ची के निधन पर शोक व्यक्त किया है। इनका आज तड़के निधन हो गया। वे तिरसठ वर्ष के थे।

<><><><><><><>

मायाबंदर तहसील के अंतर्गत कल सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में खंड विकास अधिकारी सहित, पंचायत प्रधान, पंचायती राज संस्थानों के सदस्य, कार्यालयों के अधिकारी और आम जनता ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। अभियान के दौरान समुद्र तट, बाजार का क्षेत्र, विद्यालय और सड़क किनारों की सफाई की गई। पांच किलोग्राम से अधिक कचरा एकत्र कर उन्हें अलग किया गया और ठोस कचरे में स्थानांतरित किया गया। सहायक आयुक्त एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष जून ने भी ग्राम पंचायत के अतंर्गत हो रही इस स्वच्छता अभियान में भाग लिया। उन्होंने आम जनता से कहा कि शारीरिक कल्याण और स्वस्थ वातावरण के लिए स्वच्छता सबसे महत्वपूर्ण है। इस स्वच्छता अभियान में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का उन्होंने धन्यवाद किया। अभियान में लगभग दो सौ पचास प्रतिभागियों ने अपना योगदान दिया।

<><><><><><><>

कोलकाता से आ रहे जहाज नालंदा डिगलीपुर और मायाबंदर होते हुए कल सुबह छह बजे पोर्ट ब्लेयर पुहंचेगी। इस जहाज़ में एक सौ उन्नीस यात्री सवार है। ये जहाज़ हैडो जेट्टी पर लगेगा।

इस बीच, एम वी स्वराजद्वीप कल सुबह नौ बजे पोर्ट ब्लेयर से चेन्नई जाएगा। अतिरिक्त सामानों की जांच आज दिन में दो बजे से चार बजे तक की जाएगी। यात्रियों को जहाज़ में चढ़ाने का कार्य जहाज़ रवानगी के दिन सुबह सात बजे से शुरू किया जाएगा।

उधर, चेन्नई से आ रहे जहाज़ एम वी कैम्पबेल–बे, कैम्पबेल–बे से ननकौड़ी होते हुए पन्द्रह मई को पोर्ट ब्लेयर पहुंचेगा। इसमें एक सौ चवालीस यात्री सवार हैं। ये जहाज़ हैडों जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

पदम पुरस्कार दो हजार पच्चीस के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पन्द्रह सितम्बर नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि है– डेली टेलीग्राम्स की बड़ी खबर है। द्वीप समाचार ने अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए निशुल्क कोचिंग सुविधा प्राप्त करने के लिए उम्मीदवारों से इक्तीस मई तक आवेदन करने के समाचार को अपनी पहली हेडलाइन बनाया है। ग्रामीण विकास और पंचायती राज सचिव के नेतृत्व में द्वीपसमूह के सभी सत्तर ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाए जाने के समाचार को इंफो इंडिया ने प्रमुखता दी है। अण्डमान निकोबार पुलिस की ओर से समर कैम्प का आयोजन करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया में जगह मिली है। अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने भी इसी खबर को प्रथम पृष्ठ में प्रकाशित किया है। द्वीपसमूह में उत्साह के साथ अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस मनाए जाने के समाचार को अण्डमान कोनिकल ने प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>